Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to enhance the MPs Quota for admission of students in Kendriya Vidyalaya.

श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत (कोरबा): अध्यक्ष महोदय, महिलाओं को सदन में संरक्षण देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाह रही हूँ **कि** हम सांसदों को केंद्रीय विद्यालय में 10 बच्चों को एडमिशन देने का कोटा होता है और हमारा संसदीय क्षेत्र लगभग 8 विधान सभाओं से भी ज्यादा होता है । केंद्रीय मंत्री के माध्यम से भी कुछ बच्चों का एडमिशन करा देते थे, जो इस वर्ष नहीं हुआ है । इस विषय पर मैंने आदरणीय प्रधान मंत्री जी को भी एक पत्र लिखा था । जिसका जवाब उन्होंने दिया है । मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहती हूँ कि या तो मंत्री जी का कोटा पूर्ववत: ही किया जाए, या हम सांसदों का कोटा दस से बढ़ा कर 50 किया जाए ताकि हम बच्चों का भविष्य पढ़ाई के लिए सुरक्षित कर सकें । मेरे इस निवेदन से सारे सांसद सहमत होंगे ।

माननीय अध्यक्ष : सुश्री चन्द्राणी मुर्मु । आप इस सदन की सबसे कम आयु की महिला सदस्य हैं ।